ई-मित्रों पर 75 सेवाएं शुरू, मानसून से पहले अब बीज भी यहीं मिलेंगे

जयपुर | ई-मित्रों पर ई-कॉमर्स, ई-शिक्षा जैसी सुविधा देने वाली 45 प्राइवेट कंपनियों की 75 से ज्यादा सेवाएं लाने के बाद अब डीओआईटी मानसून सीजन से पहले बीज भी ई-मित्रों से उपलब्ध कराएगा। इसके तहत ई-मित्रों से अब किसान बाजरा, ज्वार, मूंग, ग्वार, तिल, मक्का व अन्य फसलों के लिए बीज खरीद सकेंगे। यह बिजनेस टू सिटीजन (बीटूसी) सर्विस के तहत शुरू किया गया है। इससे पहले ई-कॉमर्स, ई-शिक्षा, क्यूआर पार्किंग स्टीकर, चिकित्सा परामर्श से लेकर कई सर्विस शुरू की जा चुकी हैं। 4 लाख के बीज ई-मित्रों के जरिए बेचे भी जा चुके हैं। ई-मित्र प्रभारी अधिकारी उमेश जोशी ने बताया कि बीज वितरण के अलावा ई-मित्रों पर डिजिटल कोर्सेज से लेकर, आधार एनेबल्ड पेयमेंट सिस्टम, चिकित्सा परामर्श, पार्किंग स्टीकर, फाइनेंशियल सर्विसेज जैसी कई निजी सेवाएं जुड़ी हैं। डिजिटल कोर्स के तहत कई संस्थानों के प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर अन्य कोर्स छात्र ई-मित्रों से खरीद सकते हैं। इसमें छात्रों को पर्सनल आईडी व पासवर्ड उपलब्ध करवाया जाता है।